Class No. : ....................................

Name : ........................................

**SFE 05**

# SECOND YEAR – FIRST TERMINAL EVALUATION 2019-2020

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें :**

पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा ।

तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?

तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है ।

बस तेरे ही सुरस–सार से सनी हुई है ।।

फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।

हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी ।।

(1)

1. इस कवितांश के कवि कौन हैं ?

(जयशंकर प्रसाद, रामधारी सिंह दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त)

(2)

2. 'तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा ?' कवि इस प्रकार क्यों सोचते हैं ?

(6)

3. कवि एवं काव्यधारा का परिचय देते हुए कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें ।

(8 × 1 = 8)

4. नीचे दिए शब्दों के लिए उचित समानार्थी शब्द चुनकर सही मिलान करें :

| | |
|---|---|
| खग वृंद | समुद्र |
| रज | वस्त्र |
| परिधान | आभूषण |
| मेखला | बादल |
| पयोद | धूलि |
| मोद | करधनी |
| मंडन | हर्ष |
| रत्नाकर | पक्षीगण |

(3 × 2 = 6)

**सूचना : 5 से 8 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखें ।**

5. 'हम खेले-कूदे हर्षयुत, जिसकी प्यारी गोद में' ? – मातृभूमि की प्यारी गोद में हम भारतवासी कैसे खेलते थे ?

6. 'उसके एवज़ में मैंने मलिका का एक हार उनको दे दिया ।' – किसने किसको मलिका का हार दिया ?

7. 'सुतमुख देखी जसोदा फूली ।
हरषित देखि दूध की दँतियाँ प्रेम मगन तनु, की सुधि भूली ।।'
यशोदा माँ अपने को भूल गई । क्यों ?

8. 'दोनों देश अनेक अर्थों में एक दूसरे से गहरे जुड़े हैं । दोनों के बीच पुराने भाषाई-संबंध हैं ।' – दोनों देश कौन-कौन हैं ?

सूचना : 9 से 13 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 4 के उत्तर चार या पाँच वाक्यों में लिखें । (4 × 4 = 16)

सूचना : जीवन-वृत्त पढ़ें ।

जीवन-वृत्त

| | |
|---|---|
| नाम | : मैथिलीशरण गुप्त |
| जन्म | : 3 अगस्त, 1886 |
| व्यवसाय | : कवि, राजनेता, नाटककार, अनुवादक |
| रचनाएँ | : पंचवटी, साकेत, यशोधरा आदि । |
| सम्मान | : हिन्दुस्तान अकादमी पुरस्कार, मंगलप्रसाद पुरस्कार, पद्म भूषण |
| मृत्यु | : दिसम्बर 12, 1964 |

9. जीवन-वृत्त के आधार पर मैथिलीशरण गुप्त के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करें ।

सूचना : 'बेटी के नाम' पाठ के निम्नलिखित वाक्य पढ़ें :

- 'दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे । वे क्या यह नहीं जानते, कि मैं उनको रोता हूँ ।'
- 'मैं तो ज़िंदा बैठा हूँ ।'
- 'वे तो बिना आई मौत मर गए ।'

10. उपर्युक्त वाक्यों के आधार पर बादशाह के चरित्र पर टिप्पणी लिखें ।

11. 'परमहंस सम बाल्यकाल में सब सुख पाए ।
जिसके कारण धूल भरे हीरे कहलाए ।।'
मातृभूमि से कवि का बचपन कैसे जुड़ा है ?
– टिप्पणी तैयार करें ।

12. जब तक लोगों की आँखों में आँसू हैं और वे पीड़ित हैं तब तक हमारा काम खत्म नहीं होगा । और इसलिए हमें परिश्रम करना होगा ताकि हम अपने सपनों को साकार कर सकें ।' स्वतंत्रता प्राप्ति के 72 वर्षों के बाद आज नेहरूजी का सपना साकार हुआ है । अपना मत प्रकट करें ।

- भारत की वर्तमान सामाजिक स्थिति
- भारतवासियों का दायित्व
- भारत का सभी क्षेत्रों में विकास

13. 'पारामारिबो शहर सूरीनामी नहीं, एक भारतीय शहर जैसा लग रहा है ।'

पारामारिबो शहर लेखक हिमांशु जोशी को भारतीय शहर जैसा क्यों लगा ?

- हिंदी भाषी लोग
- सैंतीस प्रतिशत भारतीय मूल के लोग

सूचना : **खंड पढ़ें और 14 और 15 के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।**

कई वर्षों पहले हमने नियति को मिलने का एक वचन दिया था, और अब समय आ गया है कि हम अपने वचन को निभाएँ, पूरी तरह न सही, लेकिन बहुत हद तक आज रात बारह बजे जब सारी दुनिया सो रही होगी, भारत जीवन और स्वतंत्रता की नई सुबह के साथ उठेगा । एक ऐसा क्षण जो इतिहास में बहुत ही कम आता है, जब हम पुराने को छोड़ नए की तरफ जाते हैं, जब एक युग का अंत होता है, और जब वर्षों से शोषित एक देश की आत्मा, अपनी बात कह सकती है, यह एक संयोग है कि इस पवित्र मौके पर हम समर्पण के साथ खुद को भारत और उसकी जनता की सेवा, और उससे भी बढ़कर सारी मानवता की सेवा करने के लिए प्रतिज्ञा ले रहे हैं ।

14. नेहरूजी के अनुसार वर्षों से शोषित देश कौन सा है ? **(1)**

15. खंड का संक्षेपण करें और शीर्षक दें । **(6)**

सूचना :**16 से 19 तक के प्रश्नों से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

16. रंगून से कैदी बाप का पत्र दिल्ली में कैदी बेटी को मिला । वह भी आँसूनामा था । बेटी अपनी उस दिन की डायरी में इसके बारे में लिखती है । वह डायरी तैयार करें ।

**सहायक संकेत :**

- पिताजी का देशप्रेम
- परिवारवालों के प्रति सोच
- दिल्लीवासियों के प्रति अपनी आकुलता

17. अंग्रेजी खंड का हिंदी अनुवाद करें ।

The eminent Hindi writer Jayasankar Prasad was born on 30th January, 1889 in Varanasi. He was a novelist, dramatist poet and a story-writer. This outstanding chayavadi lyricist passed away on 14th January, 1937.

(eminent – जाने-माने, outstanding – उत्कृष्ट, lyricist – गीतकार, passed away – निधन हुआ, chayavadi – छायावादी)

18. तकनीकी की प्रगति ने हमारे जीवन को नई दिशा प्रदान की । 'जनरल मोटर कॉर्पोरेशन' 'इलेक्ट्रिक कार' लॉन्च करने की तैयारी कर रही है । इसके लिए उचित विज्ञापन तैयार करें ।

**सहायक संकेत :**

- ईन्धन के रूप में बिजली
- प्रदूषण रहित
- कम खर्च

19. 'कहीं ऐसा अहसास हो रहा था जैसे एक सौ तीस साल से बिछुड़े बंधु आज फिर गले मिल रहे हैं । यह 'भरत-मिलाप' बहुत आह्लादित कर रहा था । हिमांशु जोशी और अपने मित्र के बीच सातवाँ विश्व हिंदी सम्मेलन से संबंधित बातें हो रही हैं । वह वार्तालाप तैयार करें ।

**सहायक संकेत :**

- सूरीनाम का प्रकृति-सौंदर्य
- सम्मेलन का अनुभव
- सूरीनाम में हिंदी का स्थान

सूचना : **20 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

20. नेहरूजी का भाषण पढ़नेवाला एक छात्र देशप्रेम से प्रेरित होकर अपने मित्र को एक पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

**सहायक संकेत :**

- ब्रिटिश राज के अधीन दो शतक
- स्वतंत्रता प्राप्ति
- नए भारत का महान निर्माण
- नई पीढ़ी और देशप्रेम

21. 'सूरीनाम में हिंदी के प्रचार–प्रसार में, हिंदी को आम आदमी तक पहुँचाने में हिंदी फिल्मों तथा संगीत का भी विशेष योगदान रहा है ।'

"हिंदी भाषा के प्रचार में फिल्मों का योगदान"

इस विषय पर एक भाषण तैयार करें ।

**सहायक संकेत :**

- विश्व भाषा के रूप में हिंदी
- हिंदी फिल्मों की लोकप्रियता
- फिल्मी गीतों के प्रति आम जनता का लगाव
- हिंदी के प्रचार में फिल्मों की अहम भूमिका

22. "हमारी कब्र परदेश में बनेगी, तय है । लेकिन अभी तो हम लकड़ी की भीगी हुई कब्र में जिंदा ही दफ़न हैं ।" बहादुर शाह सख्त नजरबंदी में अपनी आत्मकथा लिखते हैं । उस आत्मकथा का अंश कल्पना करके लिखें ।

**सहायक संकेत :**

- स्वतंत्रता की लड़ाई की त्रासदी
- युद्ध के भीषण परिणाम
- अपने परिवार के प्रति सोच
- देशप्रेम

---